संक्षिप्त

'जनगणना अभियान में छात्राएं सहभागिता निभाएं'

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में ''जनगणना- 2027 अभियान में विद्यार्थियों की सहभागिता'' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने जनगणना अभियान को सफल बनाने में युवा विशेषकर छात्राओं को सक्रीयता से सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को जनगणना एप का उपयोग कर अपने परिवार, गांव, मौहल्ला की महिलाओं, बुजुर्गों को ऑनलाइन जानकारी भरवाने में मदद करनी चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में 1 मई से 9 मई तक जारी जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की तरफ से समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्य वक्ता भूगोल प्राध्यापक डॉ. ऋषिकेश गुर्जर ने बताया कि जनगणना 2027 भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी इसमें मोबाइल के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी। इससे इतनी विशाल आबादी वाले हमारे देश के आंकड़े अधिक तेजी और कुशलता से उपलब्ध हो सकेंगे। जनगणना की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के कैरियर के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. संपूर्णानंद गौतम, डॉ.भूरसिंह गुर्जर, महेंद्र कुमार धोबी तथा पिंकी माली, किरण मीणा, राशि उपाध्याय, पायल सैनी, काजल कुमारी बैरवा, जमुना मीणा, संजू बैरवा, मनीषा बैरवा, वैष्णवी महावर, नीलम जाटव, चेल्सी मित्तल, उषा कुमारी जाटव, मुस्कान मीना, प्रिया बैरवा, संजना बैरवा,पार्वती मीणा, सुमन कुमारी मीणा, काजल, अंजलि महावर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल रही।

टूटा फेरो कवर दे रहा हादसों को न्योता

फुलेरा । कस्बे के समीपवर्ती गांव काचरोदा में जयपुर-फुलेरा रेलमार्ग पर स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 249 के पास बने अंडरपास संख्या 34184 के सामने नाले पर लगाया गया फेरो कवर इन दिनों पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। फेरो कवर पर लगे लोहे के पाइपों की वेल्डिंग टूट जाने से कई स्थानों से पाइप उखड़ गए हैं, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग गांव के लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के वाहनों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। फेरो कवर टूटने के कारण रात के समय दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं कराया गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि समस्या की जानकारी कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को दी जा चुकी है, इसके बावजूद विभाग मौन बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही फेरो कवर की मरम्मत नहीं करवाई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने रेलवे एवं प्रशासन से मांग की है कि आमजन की सुरक्षा को देखते हुए क्षतिग्रस्त फेरो कवर को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

'मीराबाई ने गृहस्थ जीवन में भजन भी किया'

राजगढ़। नगरपालिका क्षेत्र के थाना राजाजी में चल रहे सात दिवसीय संत प्रवचन कार्यक्रम मैं शुक्रवार को भारी संख्या में महिला पुरुषों का जन सैलाबउमड़ा। कार्यक्रम के दूसरे दिन कहा कि पति पत्नी के एक दूसरे के सम्मान से भगवान प्रसन्न होते हैं एवं घर में शांति का वास होता है। उन्होंने कहा कि मीराबाई ने पतिव्रत पालन करते गृहस्थ जीवन में भजन भी किया। इसी दौरान सत्संग में आए संतों का आयोजन समिति की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भगवान के भजन का महिला एवं पुरुषों को समान अधिकार है किसी को विशेष दर्जा नहीं। भक्ति एवं सत्संग हर जीव कर सकता है। दौरान स्वामी घनश्याम दास ने अपने प्रवचन मे सबरी के जीवन के बारे में वर्णन करते कहा कि प्रत्येक जीव को भक्ति पर इतना विश्वास हो कि वह प्रभु को रिझाने को मजबूर कर दे। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र के भारी संख्या में महिला पुरुषों ने सत्संग का लाभ उठाया। कमेटी के सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि बाहर से पधारे संतो के साथ साथ सभी भक्तों का भी रहने और भोजन प्रसादी का इंतजाम प्रवचन स्थल पर ही रखा है। उन्होंने बताया कि दस मई कोई योग गुरु बाबारामदेव के गुरु आचार्य डॉ प्रद्युमन महाराज राजगढ़ के थाना राजाजी में प्रवचन में शामिल होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक सुधी श्रोताओं से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

अवैध कॉलोनियों पर बीडीए का बड़ा एक्शन, 18 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त

■ करीब 250 अवैध भूखण्डों को ध्वस्त किया

भरतपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की।

भरतपुर (निस)। भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को लगभग 18 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने पैराफैरी क्षेत्र में आने वाले रीको रोड से हथैनी रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग और निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए करीब 250 अवैध भूखण्डों को ध्वस्त किया अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी तहसीलदार मुकेश मीणा ने बताया कि पूर्व में 31 अक्टूबर 2025 की कार्यवाही की निरन्तरता में 07 मई को ठााम नौह, नगला लोधा, बराखुर, जघीना नंबर-4 एवं भवनपुरा क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध रूप से विकसित की गई 6 कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई।

इस दौरान अवैध रूप से बनाए गए रास्तों को भी खोदकर समाप्त किया गया तथा अवैध प्लॉटिंग को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी मौके पर मौजूद अतिक्रमणकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन करवाकर ही ले-आउट अनुमोदित कराएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के विरुद्ध आगे भी निरंतर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान मौके पर सहायक अभियंता दिनेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता संजय मीना, भू-अभिलेख निरीक्षक ज्ञानसिंह नीमेश एवं पटवारी लोकेश शर्मा सहित प्राधिकरण का अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

कृषि मंत्री भागीरथ का स्वागत

टोंक। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी जो भक्त शिरोमणि भगवान धन्ना भगत की तपोस्थली जाते समय टोंक विधानसभा के ग्राम छान में रूके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं और कृषि विकास कार्यों को लेकर मंत्री के नेतृत्व की सराहना की।

इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के उत्थान और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि तकनीक को बढ़ावा देने और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ देशभर के किसानों को मिल रहा है।

सार-समाचार

कथा में समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया

पावटा । क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पर मंहत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन भक्तिमय माहौल बना। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के चारों ओर परिक्रमा कर रहे थे। वही यज्ञाचार्य द्वारकेश मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन कार्य करवाया जा रहा था। वही महिला श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाते नजर आए। वही नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथावाचक राम पाठक महाराज ने श्रद्धालुओं को शिवमहापुराण कथा के प्रवचन में नारी धर्म व गणेश जी का प्राकट्ययोत्सव का प्रसंग सुनाया। वही पांचवें दिन जालंधर वध व शालीठााम स्थापना की कथा सुनाई । वही छठे दिन कथा वाचक राम पाठक महाराज ने श्रद्धालुओं को समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया। उन्होंने समुद्र मंथन के पीछे का कारण, देवताओं और असुरों की आपसी सहमति और विष निकलने के बाद शिव की भूमिका, राहु-केतु का उद्गम का वर्णन किया। यह कथा शिव के नीलकंठ होने से भी जुड़ी है, जो दुर्वासा ऋषि के शाप के कारण उत्पन्न हुई थी। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि जीवन की कठिनाइयों से जूझते हुए धैर्य, सहयोग और संतुलन बनाए रखने का प्रतीक है। मंथन से निकले अमृत, विष और अन्य रत्नों का गहराई से आध्यात्मिक विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग मानव जीवन के आत्मिक मंथन का भी प्रतीक है। यह पुराण केवल धार्मिक ठांथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला अमूल्य मार्गदर्शक है। वही उन्होंने पिप्पलाद अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पिप्पलाद ने अपने जीवन में धर्म और सत्य का प्रचार किया। उन्होंने समाज को यह सिखाया कि तपस्या, ज्ञान, और भक्ति से ही संसार के कष्टों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने धर्म का मार्ग प्रशस्त किया और शनिदेव के प्रभाव से पीड़ित लोगों को मुक्त किया। पिप्पलाद अवतार हमें सिखाता है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में अवतरित हो सकते हैं। यह कथा धर्म, तप, और सत्य की शक्ति को दर्शाती है। इस दौरान भूतनाथ कमेटी संरक्षक रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, विमल गर्ग , अध्यक्ष, विकास शर्मा, सचिव आकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, विजय शर्मा, हिमांशु शर्मा, तरुण शर्मा, महेद्र कुमावत, प्रदीप टाँक कार्तिक शर्मा, मोहित शर्मा, अमित बटवाल, धर्मेंद्र बटवाल, कानू शर्मा, बंटी शर्मा, दीपू जगदीशम सहित कमेटी सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली व बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री रूद्र महायज्ञ व दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा का प्रतिदिन वाचन किया जा रहा है। जिस पर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से प्रतिदिन कार्यक्रम में पधार कर कथा श्रवण करने की अपील की। वही नौ दिवसीय विराट संगीतमय शिव महापुराण कथा का समापन महाआरती, पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ 11 मई को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में होगा।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पर अनियमितताओं के लगाये आरोप

भरतपुर (निस)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी भरतपुर के संरक्षक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सोसायटी को पुनः सक्रिय, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना पीड़ित मानवता की सेवा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्यों के उद्देश्य से की गई थी, किंतु वर्तमान समय में भरतपुर इकाई अपने मूल उद्देश्यों से भटकती हुई प्रतीत हो रही है। प्राकृतिक आपदाओं एवं आपातकालीन घटनाओं के समय सोसायटी की सक्रिय भूमिका दिखाई नहीं देने से आमजन में इसकी कार्यप्रणाली को लेकर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न हो रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में सोसायटी के सचिव एवं अन्य पदाधिकारी संगठन के अध्यक्ष, वायस चेयरमेन व संरक्षक को कभी भी कार्यों, आय-व्यय एवं योजनाओं की जानकारी नही देते ! यहाँ तक की सोसायटी की बैठक भी नही होती है ! जिससे लगता है कि सोसायटी पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य नहीं कर रही ! वर्तमान में सोसायटी का कार्यालय जनाना अस्पताल परिसर में है ! कार्यालय के पास सचिव का व्यापारिक प्रतिष्ठान होने के कारण व्यक्तिगत प्रभाव रहने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय को जिला आरबीएम अस्पताल परिसर में स्थानांतरित किया जाना अधिक उपयुक्त रहेगा, जिससे प्रशासन की प्रत्यक्ष निगरानी एवं जनहितकारी संचालन सुनिश्चित हो सके। गुप्ता ने पत्र के माध्यम से सोसायटी के आय-व्यय का विस्तृत एवं निष्पक्ष ऑडिट करवाने, नियमित बैठकों का आयोजन करने तथा वार्षिक कार्ययोजना बनाकर सेवा एवं राहत कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त वर्ष में कम से कम एक बार जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विस्तृत बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया गया, जिसमें अन्य सामाजिक एवं सेवा का कार्य करने वाली संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाए ताकि आपदा एवं राहत कार्यों में सभी का सक्रिय सहयोग को लिया जा सके। गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय के जयपुर में आयोजित वीडियो कोंफ्रेंसिंग के माध्यम से मार्गदर्शन बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालयों को प्रशासनिक नियंत्रण एवं पारदर्शिता की दृष्टि से उपयुक्त स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। उसी निर्णय एवं दिशा-निर्देश की पालना मंक भरतपुर कार्यालय को भी जिला स्तरीय प्रशासनिक कार्यालयों के पास किया जाये ! पत्र में कहा है कि भरतपुर जिले में आये दिन सड़क दुर्घटना, आगजनी व प्राकृतिक आपदा जैसी घटनाएँ होती रहती हैं ! इन घटनाओं के राहत कार्यों में सोसायटी का कोई योगदान नहीं रहता ! यदि रेडक्रॉस सोसायटी सक्रिय रूप से घटनाओं में पीड़ित लोगों को राहत दिलाने का कार्य करे तो जिला प्रशासन को भी राहत कार्यों में सहयोग मिलेगा ! इन सुझावों पर समयबद्ध कार्यवाही होने से इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पुनः अपने मूल उद्देश्यों के अनुरूप सक्रिय होकर जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगी।

सरिस्का टाइगर रिजर्व में आ रहे गांव के लोगों को जयपुर-दौसा बसाने की तैयारी

अलवर, (निसं)। बाघों के स्वच्छंद विचरण के लिए सरिस्का टाइगर रिजर्व में आ रहे गांव के लोगों को अब दूसरे जिलों में भी विस्थापित किया जाएगा। सरिस्का के 80 से अधिक परिवारों ने जयपुर व दौसा में बसने की इच्छा जाहिर की है। इसे लेकर सरिस्का विस्थापन प्रशासन ने राजस्व विभाग जयपुर को पत्र लिखकर जमीन मांगी है। इसी तरह अन्य 11 गांवों के लोगों को भी अलग-अलग जगह विस्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। सरिस्का में 29 गांव है, जिसमें भगानी, रोट क्याला, उमरी, बाबली, पानी ढाल के ग्रामीणों को पूरी तरह विस्थापित कर दिया गया।

जल यात्रा 27 मई से

टोंक। निवाई में ईआरसीपी योजना के तहत ईसरदा बांध से नहरी तंत्र को जोड़ने की मांग को लेकर किसान महापंचायत संगठन ने 27 मई से जल यात्रा निकालेगी।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में यह यात्रा किसानों को एकजुट कर खेत को पानी और फसल का उचित दाम दिलाने के लिए जन जागरण करेगी। किसान महापंचायत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने निवाई उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, तहसीलदार नरेश गुर्जर, डीवाईएसपी रवि कुमार शर्मा, थानाधिकारी घासीराम मीणा, थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद और विकास अधिकारी नंदकिशोर शर्मा को जल यात्रा का निमंत्रण सौंपा।

उन्होंने पंचायत भवनों में रात्रि विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि जल यात्रा का शुभारंभ 27 मई को ग्राम पहाडड़ी में कलश यात्रा के साथ होगा।

उसी दिन जामडोली में रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। इसके बाद 28 मई को सैदरिया, 29 मई को भांवता, 30 मई को चतुर्भुजपुरा और 31 मई को ग्राम पंचायत पलेई में रात्रि चौपालों का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सभी पंचायत मुख्यालयों पर नुक्कड़ सभाएं भी की जाएंगी।

देवली उप जिला अस्पताल में निशुल्क जॉचें खानापूर्ति बनी

देवली। शहर के उप जिला अस्पताल में निशुल्क जॉचे महज खानापूर्ति बनकर रह गई है। इसलिए की सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीज निजी लैबों से जांच करवाने को मजबूर हो रहे है। इसी के चलते सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को निजी लेबो में जांच कराने पर आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है । यह मामला देवली शहर के उप जिला अस्पताल का है। कि यहां सरकारी चिकित्सालय के चिकित्सक मरीजों को सरकारी अस्पताल में होने वाली निशुल्क जांचे तो लिख रहे हैं। लेकिन राजकीय चिकित्सालय की लैब पर बैठने वाले टेक्नीशिन लिखी गई की साधारण जांच को भी किसी न किसी बहाने की आड़ लेकर जांच करने से इंकार कर देते हैं। पीड़ित मरीज के अनुसार यहां लेब टेक्नीशियनो की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि। मरीज की निशुल्क जांच कौन सी करनी है या कौन सी नहीं करनी है ,सरकारी लेब टेक्निशियनों द्वारा यह निर्णय खुद लिया जा रहा हैं। लैब टेक्नीशियनो की ऐसी ही हटधर्मिता का मामला शुक्रवार को सामने आया है। मामला यह है कि देवली उपखंड के सावंतगढ ग्राम पंचायत का एक 70 वर्षीय किसान राधा किशन अपने बिगड़े स्वास्थ्य का परामर्श लेने देवली शहर के उप जिला अस्पताल पहुंचा जहां वृद्ध किसान राधा किशन ने चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सक से परामर्श लिया।

इस पर चिकित्सक ने राधा किशन को चिकित्सालय में होने वाली निशुल्क अन्य जांचों के साथ सी, बी, सी, की सामान्य जांच पर्ची पर लिख दी। इस दौरान वृद्ध किसान राधा किशन राजकीय लेब पहुंचा और अपने स्वास्थ्य की सी, बी, सी जांच करने के लिए ब्लड सैंपल दे दिए। इसके पश्चात दोपहर एक बजे मरीज राधा किशन जांच रिपोर्ट लेने पहुंचा और जांच रिपोर्ट मांगी तो सरकारी लैब पर बैठे टेक्नीशियन ने उक्त मरीज को सी, बी, सी की जांच सरकारी लेब उपलब्ध नहीं होने की बात कह डाली, इस पर 70 वर्षीय पीड़ित किसान उल्टे पांव वापस अपने गांव लौट गया। लैब टेक्नीशियन की इस मनमानी पर राधा किसन ने बताया कि वह 10 किलोमीटर दूर सावंतगढ़ गांव से अपनी बीमारी का इलाज कराने राजकीय उप जिला अस्पताल आये यहां चिकित्सक ने उन्हें कुछ जांच करवाने के लिए कहा पीड़ित ने यह भी बताया कि चिकित्सक ने सभी जांच निशुल्क योजना के अंतर्गत लिखी थी। ऐसे में अन्य जांचे राजकीय चिकित्सालय की लेब मै हो गई लेकिन सी,बी,सी की जांच मशीन खराब होने का हवाला देकर उक्त जांच करने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि देवली शहर के उप जिला अस्पताल में चिकित्सा विभाग ने एक सो 17 जांचे निशुल्क उपलब्ध करवाई हुई है। लेकिन निशुल्क जांचों के मामले में यहां स्थिति बिल्कुल विपरीत बनी हुई है। ऐसे मैं आपको बता दें कि अस्पताल में होने वाली निशुल्क एक सो 17 जांचों में से अगर कोई जांच किसी कारण वंश, अस्पताल की लैब में नहीं हो पा रही है । तो इसके लिए चिकित्सालय प्रभारी ने वाउचर के माध्यम से उक्त वंचित जांच करवाने की व्यवस्था बनाई हुई है। ऐसे मै राजकीय लैब पर जांच करने वाले टेक्नीशियन की मनमानी ऐसे सामने आई कि कार्यरत टेक्नीशियन ने उक्त किसान या अन्य मरीजों की सी,बी,सी जांच को वाउचर के माध्यम से नही करवाई। ऐसे में चिकित्सालय प्रभारी की बनाई गई इस सुविधा का लाभ उप जिला अस्पताल में आने वाले पीड़ित मरीजों को नहीं मिल पा रहा है।

अपराधी पर 50 हजार रूपये का इनाम घोषित

भरतपुर (निस)। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई ने आदेश जारी कर कुख्यात इनामी हिस्ट्रीशीटर अपराधी शरबन उर्फ श्रवण उर्फ विहारी पुत्र साकीकामत निवासी बैंका बछोनी थाना मधुवनी विहार हाल नगला बालचंद थाना एत्माउद्दौला जिला आगरा, उत्तरप्रदेश पर 50 हजार रूपये का नकद इनाम घोषित किया है।

उन्होंने बताया कि अपराधी शरबन फरार चल रहा है, जो जिला पुलिस के भरसक प्रयासों के बावजूद भी गिरफ्तार नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि अपराधी पुलिस थाना बयाना जिला भरतपुर में वांछित चल रहा है अपराधी के विरूद्ध उत्तरप्रदेश के मलपुरा पुलिस थाना आगरा में एक प्रकरण दर्ज है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस नियम 1965 की धारा 4.18 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर उक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी को बन्दी बनाने या बन्दी करवाने या बन्दीकरण का विरोध किये जाने पर विधिसंगत आवश्यक शक्ति का प्रयोग कर, बन्दी बनायेगा या बन्दी बनाने के लिये सही सूचना देगा या बन्दी करवायेगा, उसको महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर द्वारा 50 हजार रूपये का नकद पारितोषिक प्रदान किया जावेगा।

किराये से बैंक खाता खरीदकर 2,46,300 रूपये का साइबर फ्रॉड का आरोपी गिरफ्तार

■ अभियान के तहत बैंक ऑफ बडोदा जोबनेर मे खुलवाये गये खातै की डिटेल सर्च की तो उक्त खाते के खिलाफ केरला, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात आदि में साइबर फोड की 9 शिकायतें दर्ज होना पाया

सांभरझील, (निसं)। जोबनेर पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के फ्रॉड करने वाले अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अभियान के तहत बैंक ऑफ बडोदा जोबनेर मे खुलवाये गये खातै की डिटेल सर्च की तो उक्त खाते के खिलाफ केरला, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल व तेलगांना में साइबर फोड की कुल 9 शिकायतें दर्ज होना व फ्रॉड की कुल राशि 2,46,300 रूपये जमा होना पायी गई। बैंक खाता दीपक चौधरी पुत्र रामस्वरुप ओला जाति जाट निवासी राजपूतों का मोहल्ला पचार थाना कालवाड जिला जयपुर के द्वारा खुलवाया जाना पाया गया। साईबर क्राईम शिकायतों व प्राप्त किये गये बैंक रिकार्ड के अनुसार दीपक चौधरी के द्वारा अपने अन्य साथी अपराधियों के साथ मिलकर षड्यन्त्र रचकर बैंक खाता खुलवाकर तथा कम्प्यूटर जनित यंत्रो का प्रयोग करते हुए भारत के 9 राज्यों में कुल 2,46,300 रुपये जमा करवाकर धोखाधडी करना पाया गया है। जांच रिपोर्ट से अभियुक्त दीपक चौधरी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया की मैने मेरा बैंक खाता किराये से देवेन्द्र कुमार चाहर पुत्र कुम्भाराम जाति जाट निवासी चाहरो की ढाणी पीपराली पुलिस थाना मारोठ जिला डीडवाना कुचामन को दे रखा है। प्रकरण में वांछित आरोपी देवेन्द्र कुमार चाहर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अथक प्रयास करते हुए वांछित आरोपी देवेन्द्र कुमार चाहर को डीडवाना कुचामन से डिटेन कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया है। अनुसंधान में पाया गया है की आरोपीगण फर्जी टेलीठााम आईडी से मैसेज करके पीड़ितों को कंपनी में पैंसे इनवेस्ट करके 30 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर बैंक खाते में साइबर फ्रॉड की राशि डलवाते हैं।

शराब ठेका खोलने की तैयारी, विरोध में उतरे कॉलोनी के लोग

■ लोग दुकान के आगे धरना देकर बैठे हैं, इनमें महिलाएं भी शामिल हैं लोगों की मांग है कि शराब की दुकान नहीं खुले

अलवर, (निसं)। अलवर शहर में भगत सिंह सर्किल के पास रोड नंबर दो पर दूध की दुकान को बंद कर उसकी जगह शराब की दुकान खोलने की तैयारी है। कॉलोनी के लोगों को पता चला तो वे शराब का ठेका खुलने से पहले ही विरोध में उतर आए।

लोग दुकान के आगे धरना देकर बैठे हैं, इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। लोगों की एक ही मांग है कि यहां शराब की दुकान नहीं खुले। रोजाना उनकी बहन-बेटियां यहां से निकलती हैं। शराब बिकने लगेगी तो उनको लज्जित होना पड़ेगा। इस मामले में वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने आश्वासन दिया है कि ठेका नहीं खुलने दिया जाएगा।

स्थानीय निवासी ने बताया कि छह मई को सुबह 10 बजे यहां शराब शिफ्ट हो रही थी। पता चलते ही महिलाएं और पुरुष विरोध में आ गए। उसके बाद से धरना प्रदर्शन हो रहा है। दूध बचेने वाले की दुकान है। उसने अधिक पैसे के लालच में शराब विक्रेताओं को दुकान बेच दी है।

पहले भी यहां कई बार शराब का ठेका खोलने की कोशिश की गई थी, लेकिन हमने शराब का ठेका नहीं खोलने दिया। अब हमने वन राज्य मंत्री संजय शर्मा से इसकी शिकायत की है। उसके बाद आबकारी अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि ठेका नहीं खोलने दिया जाएगा। हमारे छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं। बालिकाएं भी यहां से निकलती हैं। शराब बिकेगी सबको डर लगेगा। स्कूल का बस स्टॉप भी यहीं है। बुजुर्ग महिला ने कहा कि माहौल बिगड़ेगा, शराबी बच्चियों को परेशान करेंगे, आसपास में शराबी घुस जाएंगे।

बच्चों से भरी स्कूल बस फंसी कीचड में

बस पलटने से 40 बच्चों की जान खतरे में पड़ गई ।

टोंक। सदर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 तारण गांव में स्कूली बच्चों से भरी एक बस गड्ढे और कीचड़ में फंस गई। बस के पलटने जैसे हालात बन गए, जिससे करीब 40 बच्चों की जान खतरे में पड़ गई, हालांकि चालक की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया। ड्राइवर ने तुरंत बस को नियंत्रित कर वहीं रोक दिया और धीरे-धीरे बच्चों को कीचड से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बच्चों को दूसरे वाहन से बच्चों को भेजा गया। घटना ने एक बार फिर नगर परिषद और प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पानी भरा रहता है और जगह-जगह गड्ढों में आए दिन वाहन फंसते रहते हैं। कई बार बाइक सवार गिर चुके हैं और चौपहिया वाहन भी कीचड में फंस जाते हैं। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर टीना डाबी से मांग की है कि गांव की इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। लोगों ने कहा कि पानी निकासी और नालियों के निर्माण के बिना हालात नहीं सुधर सकते।

श्रम कानूनों पर चर्चा की

भिवाड़ी। आज भिवाड़ी में आरआईपीएस 2024 और श्रम कानूनों पर सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र नए श्रम कानूनों को व्यावहारिक व्यावसायिक दृष्टिकोण से समझने का एक उपयुक्त अवसर है।

सरलीकरण के नीतिगत उद्देश्य से परे, उद्योग के लिए असली सवाल यह है कि ये बदलाव जमीनी स्तर पर, विशेष रूप से संविदा श्रमिकों, वेतन संरचनाओं, अनुपालन लागतों और व्यापक परिचालन योजना पर कैसे प्रभाव डालेंगे।

यह बात खैतान एंड कंपनी, नई दिल्ली के रोजगार एवं श्रम कानून विभाग के साझेदार अभिनव रस्तोगी ने कही। वे आज भिवाड़ी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान और भिवाडी निर्माता संघ द्वारा आयोजित आरआईपीएस 2024 सत्र में बोल रहे थे। अभिनव रस्तोगी ने यह भी कहा कि व्यवसायों को अब स्पष्टता और शीघ्र तैयारी की आवश्यकता है।

कृषि के साथ बागवानी आधारित खेती आज की आवश्यकता-डॉ. विजय वीर

भरतपुर (निस)। राजस्थान की कृषि और बागवानी न केवल किसानों की आजीविका का आधार हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की रीढ भी हैं। विशेष रूप से भरतपुर अंचल में राईदूसरसों, गेहूं, बाजरा तथा विविध बागवानी फसलें हजारों किसान परिवारों की आय और रोजगार का प्रमुख स्त्रोत बनी हुई हैं। बदलते कृषि परिदृश्य में प्राकृतिक खेती के साथ कम लागत में अधिक, गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ उत्पादन प्राप्त करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।यह बात भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. विजय वीर सिंह ने 07-08 मई 2026 तक आयोजित दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कृषि को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना अनिवार्य हो गया है। मिट्टी परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन, उन्नत किस्मों का चयन, समय पर बुवाई, कीटदूरोग एवं खरपतवार प्रबंधन जैसी वैज्ञानिक तकनीकों से उत्पादन और गुणवत्ता-दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों से कृषि के साथ बागवानी तथा अन्य सहायक कृषि गतिविधियों को अपनाकर आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित करने का भी आव्हान किया।

कार्यक्रम के प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं बागवानी फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों, फसल प्रबंधन, मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण तथा आधुनिक कृषि पद्धितयों की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता तथा टिकाऊ खेती के व्यावहारिक उपायों से भी अवगत कराया गया। जल संसाधन विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत शस्य क्रियाओं, राईदूसरसों की उन्नत किस्मों, मृदा परीक्षण, बागवानी फसल प्रबंधन, जैविक खेती तथा एकीकृत कृषि प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। किसानों ने संस्थान की कृषि मशीनरी, तेल एवं बीज प्रसंस्करण इकाइयों, संठाहालय तथा प्रक्षेत्र फार्म का भ्रमण कर तकनीकों को नजदीक से समझा। इस कार्यक्रम में 35 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मोहनलाल दोतानियाने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी, जबकिडॉ. ललित कृष्ण मीना ने जिंक, बोरॉन और सल्फर जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की महत्ता समझाई।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुजितने बताया कि संतुलित उर्वरक प्रबंधन विशेष रूप से तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया तथा रामसिंह, राकेश गोयल एवं राधाचरण का सहयोग सराहनीय रहा।